Bareilly, Friday,
17 July 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 14

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO : 04 BOTTOM

# गुड लाइफ में हेल्थ उत्सव आज से, जांचें होंगी फ्री



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (16 July):** स्थापना की आठवीं वर्षगांठ पर एसआरएमएस गुड लाइफ हॉस्पिटल में दो दिवसीय (17-18 जुलाई) हेल्थ उत्सव का आयोजन किया जा रहा है. 17 जुलाई) से आरंभ इस हेल्थ उत्सव में परामर्श के साथ ही डेढ़ दर्जन से ज्यादा जांच निशुल्क की जाएंगी. इसके साथ ही एक्स रे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन पर 50 फीसद की छूट मिलेगी. यह जानकारी एसआरएमएस गुड लाइफ हॉस्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने दी. उन्होंने बताया कि हेल्थ उत्सव में अन्य सभी जांचों और हेल्थ पैकेज पर भी 20 फीसद की छूट मिलेगी. उन्होंने हार्ट के मरीजों के उपचार के लिए गुड लाइफ हॉस्पिटल में कैथ लैब स्थापित होने की घोषणा की. कहा कि अगले माह अगस्त में इसकी सुविधा उपलब्ध हो जाएगी. रोबोटिक सर्जरी से घुटना प्रत्यारोपण की सुविधा भी यहां मिलेगी. डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने कहा कि मरीजों का विश्वस्तरीय इलाज और घर जैसी सुविधाएं देने वाला एसआरएमएस गुड लाइफ हॉस्पिटल 19 जुलाई को अपनी स्थापना की आठवीं वर्षगांठ मना रहा है. ''होम अवे फ्रॉम होम'' कॉसेप्ट के साथ एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने वर्ष 2018 में 19 जुलाई को गुड लाइफ हॉस्पिटल स्थापित किया.